


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 207 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | मंगलवार 13 मई 2025 | मूल्य 2 रुपया

# आस्था और अंधविश्वास के बीच झूलती आत्मा..!

## सात साल पहले शुरु हुआ सिलसिला, अभी भी जारी

**मंदसौर, 12 मई गुरु एक्सप्रेस। रविवार को अमलावद से एक परिवार फिर अपने घर के मृत सदस्य की आत्मा लेने बडे अस्पताल पहुंचा। आत्मा लेने पहुंचने का यह सिलसिला वर्ष 2018 में शुरु हुआ था अभी तक कई घटनाएं इस तरह की हो चुकी है। कुछ भी हो, इस तरह के घटनाक्रम के बीच आत्मा, आस्था और अंधविश्वास के बीच झूलती नजर आ रही है। कुछ लोग इस तरह की गतिविधियों पर सख्ती से रोक की मांग कर रहे हैं तो कुछ कह रहे हैं कि मामला आस्था का है, इसमें प्रशासन को दखल देने की जरूरत ही क्या? हालांकि, हिन्दू शास्त्रों में आत्मा को लेकर तमाम जिज्ञासाओं का समाधान है।**

बडा अस्पताल आत्मा को लेकर फिर सुर्खियों में है। रविवार को फिर पूजा पाठ के साथ परिवार अपने साथ मृत सदस्य की आत्मा ले गया। यह पहला मौका नहीं है। पहले भी कई लोग इस तरह की पूजा पाठ यहां करवा चुके हैं। उनके परिजनों का मानना है कि उनकी आत्मा यहीं भटक रही है। आत्मा को विधिवत ले जाकर उसे विधानपूर्वक परलोक की व्यवस्था में लाकर परिवार में शांति कायम की जा सकती है। यह भी गौर करने लायक बात है कि इन लोगों ने जो किया, वह किसी न किसी कथित ओझा, तांत्रिक के निर्देश पर ही किया। लेकिन, हिन्दू धर्म में आत्मा का अस्तित्व नकारा भी नहीं जा सकता। यही वजह है कि बडे अस्पताल में हुए घटनाक्रम को लेकर लोगों की अलग-अलग राय सामने आ रही है। किटियानी कालोनी निवासी कमल शर्मा कहते हैं कि जब हिन्दू धर्म में पुनर्जन्म की मान्यता है तो आत्मा को कैसे नकारा जा सकता है। दलौदा के विजय सिंह भी कुछ ऐसी ही राय रखते हैं। उनका कहना है कि हिन्दू धर्म में श्राद्ध, पितृ, पिंडदान आदि की व्यवस्था है तो अकाल मौत को प्राप्त हुए किसी व्यक्ति की आत्मा को गति-मुक्ति देने की प्रक्रिया को गलत कैसे ठहराया जा सकता है। मंदसौर के ही एक शिक्षक अजय परमार कहते हैं कि आत्मा तो अमर होती है। जो भी कुछ अस्पताल में हुआ वह ढकोसला है। कुछ तथाकथित तांत्रिकों का रचा प्रपंच है, जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के भोले भाले लोग फंस जाते हैं।

### गरूड पुराण में है आत्मा की यात्रा का उल्लेख...

अखिल भारतीय ज्योतिष एवं कर्मकांड परिषद के संस्थापक पं. उमेश जोशी के अनुसार गरुड पुराण के अनुसार सनातन धर्म में पुनर्जन्म और आत्मा के अस्तित्व को मान्यता प्राप्त है। धर्मशास्त्रों में इसके सैकडों उदाहरण हैं। मनुष्य की मौत के बाद आत्मा की गति को लेकर गरुड पुराण में उल्लेख है कि जहां देह छूटती है, वहां आत्मा उपस्थित रहती है। जहां देह का अंतिम संस्कार किया जाता है, आत्मा वहां भी जाती है। इसके बाद अस्थि संचय कर घर ले जाते समय आत्मा उस परिवार के घर जाती है। अस्थि विसर्जन के बाद आत्मा की यात्रा प्रारंभ होती है। मृतक के कर्म और भाग्य के आधार पर यह गति तय होती है। यमलोक से होकर पुनर्जन्म और स्वर्ग, नर्क आदि सभी इस यात्रा के पडाव हैं। मोक्ष अंतिम मंजिल होती है। इसे भगवान की व्यवस्था कहा जा सकता है। लेकिन, अपघात से मरने वाले लोगों की आत्माएं इस सिस्टम में नहीं आ पाती है तो उनको भटकना शुरु होता है। यही संबंधित परिवार की परेशानी का कारण बनता है।

बता दें कि अपघात में 36 प्रकार की मौतों को शामिल किया गया है। जिसमें दुर्घटना, आत्महत्या, दीर्घकालिक बीमारी आदि शामिल है। इस प्रकार की मृत्यु को प्राप्त हुए लोगों की आत्मा भटकती है। इन्हीं भटकती आत्माओं को सिस्टम में लाने की अलग-अलग धर्म संप्रदायों में अलग-अलग प्रक्रियाएं होती हैं। तंत्र, मंत्र, ओझा सब इसी का अंग है। कई जाने माने धर्म स्थलों पर इंसानी शरीर में भूतों की मौजूदगी के साक्षात दर्शन होते हैं। ये वही आत्माएं होती हैं, जो व्यवस्था में न आ पाने की वजह से भटकती हैं। किसी परिजन की आत्मा के भटकाव से परेशानी झेल रहे परिवार कई बार फर्जी तांत्रिकों के चक्कर में आकर ठगे जाते हैं। लेकिन, विषय इतना जटिल है कि इसमें परेशान परिवार के पास कई बार कोई रास्ता नहीं बचता।



### पहले भी आ चुके लोग...

✻ जुलाई 2024 में गांव चांगली से एक व्यक्ति बडे अस्पताल में 15 साल पहले पत्नी की मौत के बाद उसकी आत्मा लेने आया। उसने और स्वजन ने बडे अस्पताल के गेट के समीप पेड के नीचे तंत्र-मंत्र किया और चले गए।

✻ मई 2019 में राजस्थान के झालावाड जिले के गांव अनावदा का परिवार घर के सदस्य की आत्मा लेने पहुंचा। जिसकी मौत आठ साल पहले हो चुकी थी। सडक हादसे के बाद उसने अस्पताल में दम तोडा था।

✻ 2018 में कुंडालिया जिला नीमच निवासी एक परिवार आत्मा लेने पहुंचा। जिसमें भी मृतक की मौत बडे अस्पताल में हुई थी। परिवार जलती हुई ज्योत लेकर जीप से घर के लिए निकल गए।

## महीनों बाद घर लौटे युवक ने जहर खाकर दी जान

### सुसाइड नोट में युवती के माता-पिता और अन्य पर लगाया प्रताड़ित करने का आरोप

**मनासा, 12 मई गुरु एक्सप्रेस।** क्षेत्र के आनंदीपुरा गांव में एक 26 वर्षीय युवक ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। युवक का नाम कमलेश मेघवाल था। वह 10 महीने बाद घर लौटा था। मृतक के बडे भाई हरीश के मुताबिक कमलेश उसका छोटा भाई था। उसने कोर्ट मैरिज की थी। रविवार रात 09 से 10 बजे के बीच वह घर आया था। उसने 10-15 मिनट हमसे बात की। उसके साथ जो घटना हुई है, वह हमें बताया। कुछ देर बाद उसका जी घबराने लगा। उसने कहा- मुझे थोड़ा पानी पिला दो। पानी पिलाने के बाद उसका जी घबराया। उसने उल्टी की। इसके बाद उसे मनासा अस्पताल ले गए। उसने सल्फास की गोली खा रखी थी। मनासा से उसे नीमच के बडे अस्पताल रेफर कर दिया गया। नीमच में 10 मिनट बाद उसकी मौत हो गई। उसने एक डायरी में सुसाइड नोट लिखा है। उसने एक लड़की के मां-बाप को अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया है। जहां काम कर रहा था, उसे जिम्मेदार ठहराया है। 09-10 महीने वह कहां था। हमें नहीं पता, क्योंकि उसने इस बीच कोई संपर्क नहीं किया। वहीं थाना प्रभारी राधेश्याम डांगी ने बताया कि मृतक के पास सुसाइड नोट मिला है। उसकी जांच की जा रही है। अभी परिजनों के बयान नहीं हुए हैं।

### मृत ऊंट को देख रहे थे दो दोस्त...

## कार ने टक्कर मारी, एक की मौत

**रतलाम, 12 मई गुरु एक्सप्रेस।** मरे ऊंट को देखने सड़क पर खड़े दो दोस्तों को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि, दूसरा गंभीर है। उसे उपचार के लिए इंदौर रेफर किया गया। हालांकि, परिजन वडोदरा ले गए। दुर्घटना रतलाम के नामली फोरलेन पर रविवार रात हुई। टक्कर के बाद कार पलटकर डिवाइडर पर चढ़ गई और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि, एयरबैग खुलने से कार सवारों की जान बच गई। वे मौके से भाग निकले। एमपी 43 सीबी 2261 नंबर की कार रतलाम के रामगढ़ निवासी जितेंद्र पिता अशोक कुमार राठौर के नाम पर रजिस्टर्ड है।

पुलिस ने बताया कि नामली फोरलेन ब्रिज के पास पंचेड़ फंटे से पहले सड़क पर एक ऊंट का शव पड़ा था। उसके आसपास बैरिकेड लगे थे। नामली के पल्दूना गांव निवासी बबलू जायसवाल और घटवास निवासी विक्रम जाट ऊंट को देखने उसके पास पहुंचे। इसी दौरान रतलाम की तरफ से आई कार ने उन्हें टक्कर मार दी। सूचना मिलते ही नामली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों को रतलाम मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। यहां डॉक्टरों ने विक्रम को मृत घोषित कर दिया। वहीं, बबलू को इंदौर रेफर किया।



## अवैध उत्खनन पर रखेंगे आसमान से भी नजर

**मंदसौर, 12 मई गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश में जल्द ही रेत सहित कई तरह के खनन पर तकनीक की मदद से नजर रखी जाएगी। इसके लिए खनिज विभाग ने 07 हजार 500 से अधिक खदानों की जियो टैगिंग कर दी है। कहीं भी स्वीकृत खनन क्षेत्र से आगे जाकर खुदाई हुई तो सैटेलाइट इमेज की मदद से अलर्ट जारी होगा, जो खनन विभाग और जिला प्रशासन को मिल जाएगा। खनिज विभाग ने सिस्टम तैयार कर लिया है और इसे जल्द लॉन्च किया जाएगा। पूरा सिस्टम सैटेलाइट इमेज और रिमोट सेंसिंग तकनीक पर काम करेगा। जियो टैगिंग होने से खनन क्षेत्र स्पष्टतौर पर सैटेलाइट इमेज में दिखाई देगा। नियमित अंतराल पर सैटेलाइट इमेज देखकर कंट्रोल रूम में समीक्षा होगी। इस सिस्टम में खनन क्षेत्र की 500 मीटर परिधि में कोई भी असामान्य गतिविधि ट्रैप हो जाएगी। साथ ही रेत जैसे खनिजों के मामले में भंडार पर नजर रखी जाएगी। देखा जाएगा कि जितनी ईटीपी जारी हुई है, उसी के अनुपात में रेत की निकासी भंडार से हुई है या नहीं।

### ऐसे जारी होगा अलर्ट...

इस सिस्टम में जैसे ही डेटा कंट्रोल रूम पहुंचेगा, उसका एक्सपर्ट एनालिसिस करेंगे। गड़बड़ी मिलने पर अलर्ट जेनरेट होगा, जो जिले के खनिज अधिकारी और कलेक्टर को जाएगा। अमला मौके पर जाकर जांच कर मुख्यालय को रिपोर्ट देगा। मौके पर ही बड़ी गड़बड़ी मिलने पर अधिकारी ऐप की सहायता से प्रकरण दर्ज कर सकेंगे। विभाग इस बात की तैयारी कर रहा है कि खदान तक ऑनलाइन निगरानी तंत्र विकसित हो।

### परिवहन की निगरानी भी...

जिस तरह से खनन की निगरानी ऑनलाइन होगी, उसी तरह तकनीक आधारित मानव रहित 41 चेक गेट्स अधिक खनन वाले जिलों में स्थापित हो रहे हैं। खनन वाहन गुजरते ही इनमें लगे सीसीटीवी कैमरे वाहन में लदे खनिज को पहचानेंगे और रजिस्ट्रेशन नंबर को कंट्रोल रूम भेजेंगे। इससे तय होगा कि यह खनिज परिवहन वाहन है या नहीं और इस नंबर पर ईटीपी जारी हुई है या नहीं।

## सात सीएम राइज स्कूलों पर 190 करोड़ खर्च

### ✻ 277 सरकारी स्कूलों के लिए पांच करोड़ भी नहीं..! ✻ सीएम राइज के बाद सरकारी स्कूलों को भूली सरकार..?

**मंदसौर, 12 मई गुरु एक्सप्रेस।** हाल ही में एमपी बोर्ड के रिजल्ट में सरकारी स्कूलों के बच्चों ने निजी स्कूलों के बच्चों को पीछे छोड़ दिया। कहीं न कहीं थोड़े से धरातल पर सकारात्मक प्रयास किए जाए तो सरकारी स्कूल निजी स्कूलों की दुकानदारी बंद कर सकते हैं। लेकिन, सरकार की रणनीति और योजना देखकर ऐसा कुछ लग नहीं रहा। मामला है सीएम राइज स्कूल और सरकारी स्कूलों का। दोनों ही सरकार के हैं। लेकिन, सीएम राइज के बाद मानो पुराने सरकारी स्कूलों को सरकार भूल ही गई। सरकार व शिक्षा विभाग ने अब तक जिले के 07 सांदीपनी सीएम राइज स्कूलों पर 190 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। यहां बेहतरीन शिक्षा देने के दावे हैं। लेकिन, विभाग ने 02 साल से प्रावि व मावि स्कूलों की सुध नहीं ली। 277 स्कूलों की मरम्मत के लिए 5 करोड़ रुपए भी स्वीकृत नहीं किए। इन स्कूलों में करीब 12 हजार विद्यार्थी पढ़ते हैं। यहां कभी भी हादसा हो सकता है। कुछ स्कूल तो ऐसे हैं, जहां आए दिन मलबा गिरता है। बारिश में लगभग इन सभी स्कूल भवनों से पानी टपकता है। मासूम विद्यार्थियों की जान को खतरा होने के बावजूद जिम्मेदार लापरवाह हैं।

### सवा पांच करोड़ रुपए की जरुरत...

जिला शिक्षा केंद्र ने पिछले साल की शुरुआत में ऐसे स्कूलों की सूची बनाई थी। जहां मरम्मत की सख्त जरूरत है। इसके लिए 5 करोड़ 35 लाख रुपए की मांग की थी। सिर्फ कुछ को राशि स्वीकृत हुई थी। बाकि अब तक पेंडिंग हैं। जिले के सीतामऊ, गरोठ, मल्हारगढ़ ब्लॉक में ऐसे सैकड़ों स्कूलों में मासूमों की पढ़ाई के लिए कोई व्यवस्थित भवन नहीं है। इधर जिले में अब तक 07 सीएम राइज स्कूल पर करोड़ों खर्च किए जा चुके हैं। इनमें कोई 34 करोड़ तो कोई 32 करोड़ रुपए से बना है। हर स्कूल में औसत 1500 से 1600 विद्यार्थी अध्ययन कर सकेंगे। बता दें कि जिले में 05 सांदीपनी स्कूलों का लोकार्पण हो चुका, वहीं दो निर्माणाधीन हैं।

### एक नजर सरकारी स्कूलों पर...

कई सरकारी स्कूलों में बिजली कनेक्शन ही नहीं है। अंधेरे के साथ गर्मी में बैठकर पढ़ाई करना मजबूरी हो गई है। अनेक सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी है। विशेषकर विषय विशेषज्ञ नहीं होने से बच्चों का नुकसान हो रहा है। विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी स्कूलों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। अतिक्रमण जैसी शिकायतें लगातार सामने आती रहती है। कई सरकारी स्कूलों में खेल मैदान ही नहीं है। ऐसे में जहां निजी स्कूलों में खेल प्रतिभाओं को अवसर मिल रहे हैं। वह सरकारी स्कूल में नहीं मिल पाते। कई सरकारी स्कूलों में हाईस्कूल और हा.से. में प्रयोगशाला की व्यवस्था ही नहीं है। बिना प्रयोग किए ही बच्चे पास हो रहे हैं। बड़ी संख्या में सरकारी स्कूलों में लाईब्रेरी की व्यवस्था नहीं है।

## अफीम डोडे बेचने पर हिस्सा मांगा तो भाई को पीटा

**पिपलियामंडी, 12 मई गुरु एक्सप्रेस।** अफीम डोडे बेचने के बाद हिस्से के रुपए लेने गया तो भाई को पीटा। पुलिस ने केस दर्ज किया। खेड़ा निवासी प्रहलाद बंजारा ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि पिता रुघनाथजी के नाम से सीपीएस पद्धति का अफीम पट्टा है, जिसे मैंने व मेरे भाई मोहन ने मिलकर बोया था। मोहन डोडों को नारकोटिक्स गोदाम पर बेचकर आ गया। मैंने मेरे हिस्से के रुपए मांगे तो उसने गाली-गलौज की व मारपीट कर ईंट से हाथ पर मारी, जिससे खून निकलने लगा। पुलिस ने आरोपी मोहन के खिलाफ केस दर्ज किया।

### सोमवार को भी मौसम जस का तस...

## दोपहर में तेज धूप, शाम को बारिश

**मंदसौर, 12 मई गुरु एक्सप्रेस।** सोमवार को भी मौसम रविवार के समान ही जस का तस रहा। हालांकि, दिनभर सूरज अपनी गरमी बरपाता रहा। लेकिन, शाम को फिर बादल छाए और कुछ समय के लिए बारिश भी हुई। जिससे गर्मी से राहत मिली। वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) और टर्फ का असर मध्यप्रदेश में भी देखने को मिल रहा है। इस वजह से प्रदेश में तेज आंधी और बारिश का दौर है। सोमवार को भोपाल, मंदसौर, शहडोल, खरगोन, अशोकनगर में तेज आंधी चली और बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार, ऐसा ही मौसम मंगलवार को भी बना रहेगा। प्रदेश के 45 से ज्यादा जिलों में तेज आंधी का अलर्ट है। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर समेत कई जिलों में बारिश भी हो सकती है, जबकि, जबलपुर, उज्जैन संभाग में आंधी चलने की संभावना है। आंधी की रफ्तार 50 किलोमीटर प्रतिघंटा तक रह सकती है।

## पासपोर्ट के लिये अब नहीं लगाने पड़ेंगे कार्यालय के चक्कर

**मंदसौर, 12 मई गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश में अब पासपोर्ट बनवाने के लिए लोगों को परेशान नहीं होना पड़ेगा। इसके लिये प्रदेश में मोबाइल पासपोर्ट वैन सेवा शुरू की जा रही है। इस चलती फिरती वैन में दस्तावेज जांचने से लेकर बॉयोमेट्रिक स्कैनिंग की सुविधा दी जाएगी। ऐसे में अब आवेदक को पासपोर्ट सेवा केंद्र का चक्कर लगाने की भी जरूरत नहीं पड़ेगी। मध्य प्रदेश में विदेश मंत्रालय की ओर से मोबाइल पासपोर्ट वैन सेवा शुरू की जा रही है। इससे प्रदेश में अब पासपोर्ट आवेदन की प्रक्रिया और भी आसान हो जाएगी। बता दें कि, फिलहाल ये सुविधा उन शहरों में दी जाएगी, जहां अभी पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र नहीं है।

### इन सुविधाओं से लेस होगी मोबाइल वैन...

मोबाइल वैन में कई सुविधाएं मिलेंगी। जिनमें फिंगर प्रिंट और बायोमेट्रिक स्कैनिंग, दस्तावेज सत्यापन, फोटो खींचने की सुविधा शामिल है। यह वैन पूरी तरह से तकनीकी रूप से सक्षम होगी और एक चलता-फिरता पासपोर्ट कार्यालय जैसा काम करेगी।

### पहले करना होगा स्लॉट बुक...

इस वैन के जरिए पासपोर्ट बनाने वाले आवेदकों को सबसे पहले वेब साइट पर स्लॉट बुक करना होगा। इसके बाद वैन विकल्प का चुनाव करना होगा। निर्धारित समय पर वैन संबंधित क्षेत्र में पहुंचेगी और सभी प्रक्रिया वहीं पूरी की जाएगी।




# प्रथम पुण्य स्मरण

परम श्रद्धेय पूज्य **स्व. श्रीमती ऊँगमदेवी झंवर**

धर्मपत्नि-स्व. श्री बद्रीलालजी झंवर (जावद वाले)

(स्वर्गवास-13 मई 2024)

आपके उच्च आदर्श, जीवन दर्शन के संकल्प और हम सभी के प्रति अगाध स्नेहमयी उष्मता हमें प्रेरित करती रहेगी। हम आपके सुदृढ़, दयालु एवं सरल विचार के साथ आपके सपने साकार करने को कृत संकल्प है।

आपकी प्रथम पुण्यतिथि पर हम सभी परिवारजन श्रद्धासुमन अर्पित करते है।

✻✻✻✻ श्रद्धावनत ✻✻✻✻

◆ राधेश्याम – गीता, जगदीश– रेखा, सुनील–संध्या (पुत्र–पुत्र वधु), चन्द्रेश – मेघना (पौत्र– पौत्रवधु), आकाश–कृतिका (पौत्र– पौत्रवधु), पलाश, प्रतीक (पौत्र), कार्तिक (प्रपौत्र) एवं समस्त झंवर परिवार

◆ सुनीता– सुनील बाहेती, अनिता– नितिन काबरा (पुत्री व दामाद), ज्योति– मंगल काबरा विद्या– आशीष चिचानी (पौत्री व दामाद), मयंक – मयुरी बाहेती, केशव, माधव, अवि, शिवांस (दोयता), पलक–शुभम, सिया, सोमिया (दोयती)

✻✻ फर्म ✻✻

◆ जगदीश टी डिपो
◆ झंवर इंटरप्राईजेस
◆ विनस कम्प्यूटर्स,
◆ झंवर मेडिकोज
◆ शिव शक्ति मेडिकल

मन्दसौर


# पीएम मोदी बोले-पानी और खून एक साथ नहीं बहेगा

## न्यूक्लियर ब्लैकमेलिंग नहीं सहेंगे; पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई सिर्फ स्थगित, हमला हुआ तो मुंहतोड़ जवाब देंगे

**नईदिल्ली, 12 मई।** पाकिस्तान के साथ सीजफायर के 51 घंटे बाद पीएम मोदी ने सोमवार रात 8 बजे देश को संबोधित किया। अपने 22 मिनट के भाषण में प्रधानमंत्री ने पहलगाम हमला, ऑपरेशन सिंदूर, सीजफायर, आतंकवाद, सिंधु जल समझौते और झधि पर बात की। प्रधानमंत्री ने कहा कि जिन आतंकियों ने हमारी मां-बहनों का सिंदूर मिटाया, हमने उन्हें मिटा दिया। हमारे ऑपरेशन में 100 से ज्यादा खूंखार आतंकवादी मारे गए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान की गुहार पर भारत ने संघर्ष रोकने की सहमति दी है। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ मिलिट्री एक्शन को केवल स्थगित किया है। पाकिस्तान का रवैया देखकर आगे का एक्शन तय करेंगे। हम पाकिस्तान से आतंकवाद और पीओके पर ही बात करेंगे।



**आतंकवादियों की बर्बरता ने दुनिया को झकझोर दिया**–22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादियों ने जो बर्बरता दिखाई थी, उसने देश और दुनिया को झकझोर दिया था। छुट्टियां मना रहे निर्दोष मासूमों को उनके परिवार के सामने, बच्चों के सामने बेरहमी से मार डालना ये आतंक का बहुत वीभत्स चेहरा है। यह देश के सद्भाव को तोड़ने की घिनौनी कोशिश भी थी। मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से ये पीड़ा बहुत बड़ी थी। इस आतंकी हमले के बाद सारा राष्ट्र हर नागरिक हर समाज हर वर्ग हर राजनीतिक दल एक स्वर में आतंक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए उठ खड़ा हुआ।

**आतंकी जान चुके हैं, बेटियों के माथे से सिंदूर हटाने का अंजाम**–हमने आतंकवादियों को मिट्टी में मिलाने के लिए भारत की सेनाओं को पूरी छूट दे दी। आज हर आतंकी और आतंक का हर संगठन जान चुका है कि हमारी बहनों बेटियों के माथे से सिंदूर हटाने का अंजाम क्या होता है। ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ नाम नहीं, देश के कोटि-कोटि लोगों की भावनाओं का प्रतिबिंब है। ऑपरेशन सिंदूर न्याय की अखंड प्रतिज्ञा है। 6 मई की देर रात और 7 मई की सुबह पूरी दुनिया ने इस प्रतिज्ञा को परिणाम में बदलते देखा है। भारत की सेनाओं ने पाकिस्तान में आतंक के ठिकानों पर, ट्रेनिंग सेंटर पर सटीक प्रहार किया। आतंकवादियों ने सपने में भी नहीं सोचा था कि भारत इतना बड़ा फैसला ले सकता है। जब पाकिस्तान में आतंक के अड्डों पर भारत की मिसाइलों ने हमला बोला, भारत के ड्रोंस ने हमला बोला तो आतंकी संगठनों की इमारतें ही नहीं, हौसला भी थर्रा गया।

ऑपरेशन सिंदूर ने आतंक के खिलाफ लड़ाई में तीन लकीरें खींच दी हैं- ✻ पहला: आतंकी हमला हुआ तो मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। अपने तरीके से अपनी शर्तों पर जवाब देकर रहेंगे, हर उस जगह जाकर कठोर कार्रवाई करेंगे, जहां से आतंकी जड़ें निकलती हैं। ✻ दूसरा: कोई भी न्यूक्लियर ब्लैकमेल भारत नहीं सहेगा। उसकी आड़ में पनप रहे आतंकी ठिकानों पर भारत सटीक और निर्णायक प्रहार करेगा। ✻ तीसरा: हम आतंक की सरपरस्त सरकार और आतंक के आकाओं को अलग-अलग नहीं देखेंगे। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया ने पाकिस्तान का घिनौना सच देखा है जब मारे गए आतंकियों को विदाई देना पाकिस्तानी सेना के बड़े-बड़े अफसर उमड़ पड़े। स्टेट स्पॉन्सर... **शेष 4 पर**





# शिवना शुद्धिकरण सभी का सामूहिक दायित्व-विधायक

## मंदसौर में शिवना नदी शुद्धिकरण अभियान-12वें दिन 7 ट्रॉली गाद निकाली

**मंदसौर, 12 मई गुरु एक्सप्रेस।** भगवान पशुपतिनाथ के तट पर स्थित शिवना नदी के शुद्धिकरण अभियान ने 12वें दिन महत्वपूर्ण प्रगति की है। इस दिन नदी से 7 ट्रॉली जलकुंभी व गाद निकाली गई, जिससे नदी का जल और अधिक स्वच्छ दिखाई देने लगा है।

यह अभियान 1 मई से विधायक विपिन जैन के नेतृत्व में प्रारंभ हुआ है, जिसमें नगर के नागरिक, सामाजिक संगठन, और स्वयंसेवक सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। विधायक जैन ने कहा, की सभी के सहयोग एवं प्रयास से शिवना नदी का जल साफ हो रहा है तथा जलकुंभी भी कम हो गई है। आपने कहा की शिवना शुद्धिकरण हमारा सामूहिक दायित्व है। हम सभी को मिलकर इसे स्वच्छ और निर्मल बनाना है। नदी की स्वच्छता के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेंगे, ताकि आने वाली पीढ़ियों को एक स्वच्छ और पवित्र नदी मिल सके। मीडिया प्रभारी राजनारायण लाड़ ने कहा कि शिवना नदी के संरक्षण और स्वच्छता के लिए चलाया जा रहा यह अभियान स्थानीय समुदाय की जागरूकता और सहभागिता का प्रतीक बन गया है। सोमवार को श्रमदान करने हेतु विधायक श्री विपिन जैन, राघवेन्द्रसिंह तोमर, विकास दशोरा, तरूण खिंची, राजनारायण लाड़, विनोद शर्मा जवासिया, श्यामलाल पाटीदार सेमलिया हीरा, रामलाल माली बनी, भरत पाटीदार अमलावद, ईश्वरलाल पाटीदार सेमलिया हीरा, राजेश फरक्या, मनोहर नाहटा, सुनील बसेर, विश्वास दुबे, रमेश सिंगार, साबिर इलेक्ट्रीशियन, शैलेन्द्र गोस्वामी, राजेश चौधरी, अजय सोनी, कनिष्क सोनी, जीतु गुगर, रमेश ब्रिजवानी, सादिक गौरी, योगेन्द गौड़, राकेश सेन, आमिन खान, मिथुन कटारिया, गोपाल बंजारा, शिवशंकर सौलंकी, विजय आनंद, भेरूलाल बसेर, मोहनपुरी गोस्वामी, महिला नेत्री में इष्ट भाचावत, रफत पयामी, प्रमिला पंवार, सरोजसिंह सिसौदिया, प्रमिलासिंह, दीपाली पोरवाल, गीताली पोरवाल, शैली पोरवाल, अंशिका उपाध्याय, लायंस क्लब मंदसौर गोल्ड के सीए सिद्धार्थ अग्रवाल, संजय पारिख, विजय पलोड़, रामगोपाल गुप्ता, राजकुमार पारिख, विनोद उकावत, सुदीप दास, समाजसेवी डॉ. किशोरसिंह सिसौदिया, मनीष भावसार, आस्था भावसार, सुधांशु भावसार, रमेश सोनी, अभिषेक तिवारी, अमृत सौलंकी, मनोज जैसवार, हेमंत जैसवार, बालकृष्ण पोरवाल, आशा पोरवाल, रामगोपाल गुप्ता, रामचन्द्र मालवीय रिटायर्ड टीआई, एम्ब्रोज वाल्टर, गांव धमनार से आये डॉ. सोहनलाल धाकड़, हरिशंकर धाकड़, दुर्गालाल धाकड़, ललित धाकड़, विकास धाकड़, पंकज धाकड़, राजकुमार धाकड़, ललित पटेल, बड़वन गांव से यशवंत भावसार सहित बड़ी संख्या में श्रमदानियों ने भाग लिया।

# योग में भी युवा राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं-देवड़ा

## तीस दिवसीय ग्रीष्मकालीन एडवांस योग प्रशिक्षण का शुभारंभ



**दलौदा, 12 मई गुरु एक्सप्रेस।** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर म.प्र.खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा एवं मंदसौर योगासन स्पोटर्स एसोसिएशन के सहयोग से 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन एडवांस योग प्रशिक्षण का आरंभ दलोदा के शासकीय मांगलिक भवन वेद योगा सेंटर पर हुआ।

बच्चों ने मंत्र उच्चारण के साथ योगासन अभ्यास आरंभ किया जिसमें कार्यक्रम प्रभारी योग प्रशिक्षक महेश कुमावत द्वारा बच्चों को शशकासन, अर्धहलासन, दंडासन, पश्चिमोत्तानासान, पादस्थासन, ताड़ासन, मकरासन, चक्रासन, पाडांगुष्ठसन, और प्राणायाम भी करवाया। व दिनचर्या सुधारने पर भी जोर दिया और बताया कि योगासन मात्र प्रतियोगिता नहीं है, बल्कि यह एक प्राचीन भारतीय अभ्यास है जो शारीरिक, मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करता है। एक महीने में बच्चों को कई योग की विधाओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा उल्लेखनीय की आजकल की इस भाग दौड़ भरी मोबाइल की दुनिया में बच्चे तनाव, अनिद्रा, मोटापा, विकास ना होना आदि कहीं समस्याओं का सामना कर रहे हैं ऐसे में अगर बच्चे नियमित योग करने की आदत डालते हैं तो वह स्वस्थ भारत का हिस्सा बनेंगे। साथ ही बच्चे शारीरिक मानसिक और बौद्धिक तीनों स्तर पर स्वस्थ रहेंगे। प्रशिक्षण के दौरान खेल योग से लेकर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के प्रोटोकॉल का भी अभ्यास यहां करवाया जाएगा। जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा ने बताया की इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और सुदूर गांव के युवाओं को भी खेल के प्रति आकर्षित करना हे जिस प्रकार दूसरे खेल में बच्चे जिला स्तर से लेकर नेशनल और इंटरनेशनल तक खेलते हैं ऐसे हि योग भी ऐसा खेल बन चुका है जिसमें युवा राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं समिति सदस्य मुकेश पाठक, डॉ मनीष व्यास, विकास चौधरी, विशाल पोरवाल आदि उपस्थित रहे।

# दिव्यांगजनों के प्रमाण पत्र बनाने हेतु विशेष शिविर 14 को जीरन में

**नीमच, 12 मई गुरु एक्सप्रेस।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा.दिनेश प्रसाद ने बताया, कि कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में दिव्यांगजनों की समस्याओं के निराकरण के लिये विशेष शिविर का आयोजन वर्ष में दो बार किया जा रहा है। प्रथम चरण के सफल आयोजन के पश्चात द्वितीय चरण में शिविर का आयोजन जारी है। इसी कडी में 14 मई को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जीरन में दिव्यांगजनों की सहायता हेतु शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में दिव्यांगजनों के दिव्यांगता की जाच की जाकर, उनके दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाए जाऐंगे। साथ ही उनकी स्वास्थ्य से जुडी समस्याओं का निराकरण भी किया जावेगा। साथ ही आवश्येकतानुसार रेल्वे में छुट हेतु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु भी पंजीयन किया जावेगा। डा.प्रसाद ने बताया, कि इस शिविर में आवश्यतकतानुसार रतलाम एवं मंदसौर के चिकित्सक भी उपस्थित रहेंगे। जिससे समस्त प्रकार की दिव्यांगता से संबन्धित प्रमाण पत्र बनाए जाऐंगे। डा.प्रसाद ने जिले के दिव्यांगजनों से शिविर का अधिक से अधिक संख्या मे लाभ लेने का अनुरोध किया है।

# भौतिक सुख की लालसा में लोग हंसना भूल गए-रातड़िया



**मंदसौर, 12 मई गुरु एक्सप्रेस।** आध्यात्मिक चेतना अभियान द्वारा आध्यात्मिक संवाद का आयोजन किया गया। वरिष्ठसाहित्यकार श्री गोपाल बैरागी ने कहा कि भौतिक सुख की लालसा में लोग हंसना भूल गए है। तनाव और अशांति में जी रहे लोग यदि इच्छाओं पर नियंत्रण कर ले और प्रकृति के साथ जीवन जीना सीख ले तो सुख प्राप्त कर सकते है। धनी और सुविधा सम्पन्न लोग सुखी हो यह जरूरी नहीं है किन्तु अभावग्रस्त किन्तु सहज सरल जीवन जीने वाले लोग जरूर सुखी है। प्रमुख वक्ता श्री प्रकाश रातड़िया ने कहा कि महात्मा बुद्ध ने वृद्ध, बीमार और शवयात्रा देकर मनुष्यों को दुखों का बोध किया और इनसे मुक्ति का मार्ग खोजने के लिये सन्यास ग्रहण कर लिया। कठोर तपस्या उपरांत उन्हें ज्ञान प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि इच्छा और तृष्णा दुख का मूल कारण है। सम्यक् दृष्टि, संकल्प, प्रयास और परिश्रम, ईमानदारी और समाधि सुख का मार्ग है। किसी अन्य के क्रियाकलापों से दुखी होना उचित नहीं है। मौन साधना से सब प्रश्नों का समाधान मिल जाता है। अपना दीपक स्वयं बनने की आवश्यकता है। आपने कहा कि जिन लोगों की दिनचर्या विवेकपूर्ण है वे सद्गुणी और संतुष्टहै। श्री प्रकाश दीक्षित, अभय कुमार जैन, सुरेश जैन, शांतिलाल सोनी, राजकुमार जसवंत, सुधीर पण्ड्या ने अपने विचार, गीत, भजन प्रस्तुत किये। श्री राजेन्द्र, महेश कानूनगो, गोपालकृष्ण सोमानी, ओमप्रकाश जायसवाल, निरंजन भारद्वाज, यशवंत प्रजापति, नरेन्द्र छाजेड़ ने आयोजन में सहभागिता की। आध्यात्मिक चेना अभियान के संयोजक श्री विनोद शर्मा ने गतिविधियों की जानकारी दी। आध्यात्मिक संवाद के संयोजक श्री रमेश ब्रिजवानी ने संचालन किया। आभार प्रदर्शन समन्वयक श्री प्रकाश कल्याणी ने किया। समाजसेवी श्री बाबूलाल जैन नगरीवाला के महाप्रयाण पर उनकी सेवाओं का उल्लेख किया गया व मौन श्रद्धांजलि दी गई।

### दिनकर की कविता, रामचरित मानस की चौपाई, एशेज सीरीज का जिक्र...

# डीजीएमओ ने पाकिस्तान को बताया-फिर तैयार है भारतीय सेना

**नई दिल्ली, 12 मई।** 'ऑपरेशन सिंदूर' पर तीनों सेनाओं के डीजीएमओ ने सोमवार को मीडिया से बात की। सेना की प्रेस ब्रिफिंग से पहले रामधारी सिंह दिन की कविता 'जब नाश मनुज पर छाता है, पहले विवेक मर जाता है के जरिए प्रेजेंटेशन की शुरुआत की गई।

इस पर एक पत्रकार ने एयर मार्शल एके भारती से पूछा कि क्या इस तरह की कविताओं के जरिए भारतीय सेना पाकिस्तान को कुछ संदेश देना चाहती है, तो एयर मार्शल भारती ने रामचरितमानस की चौपाई से इसका जवाब दिया। उन्होंने कहा, 'बिनय न मानत जलधि जड़, गए तीन दिन बीता बोले राम सकोप तब, भय बिनु होय न प्रीति।' आगे बोले कि अब आप समझ जाइए कि सेना क्या संदेश देना चाहती है।

**क्रिकेट की भाषा में समझाया कितना मजबूत है भारत का डिफेंस सिस्टम**–प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने 70 के दशक में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच खेली गई एशेज सीरीज का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आज क्रिकेट की बात नहीं करना चाहिए, क्योंकि विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया है, लेकिन भारत के मजबूत डिफेंस सिस्टम को समझाने के लिए एशेज सीरीज का उदाहरण देना जरूरी है। उन्होंने बताया कि हमारे एयरफील्ड और लॉजिस्टिक्स को निशाना बनाना बहुत कठिन है। 1970 के दशक में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एशेज के दौरान दो ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने इंग्लैंड की बल्लेबाजी लाइनअप को नष्ट कर दिया। तब ऑस्ट्रेलिया ने एक कहावत दी - 'राख से राख, धूल से धूल, अगर थॉमो तुम्हें नहीं मारेगा, तो लिली पकड़ लेगा' (Ashes to Ashes, dust to dust, if Thommo don't get you, Lillee must)। भारत के डिफेंस सिस्टम में इतने लेयर्स (ग्रीड सिस्टम) हैं कि कोई भी ऑब्जेक्ट बच नहीं सका। यही कारण है कि भारत ने पाकिस्तान के ड्रोन और मिसाइलों को आसानी से मार गिराया।

# श्री रविशंकर जी के जन्मदिवस पर गौशाला में की गौ सेवा



**मंदसौर, 12 मई गुरु एक्सप्रेस।** द आर्ट ऑफ़ लिविंग परिवार द्वारा परम पूज्य गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी के जन्मदिवस के पावन अवसर पर सेवा एवं सदभावना के संकल्प के अंतर्गत आज दूसरे दिन मंदसौर की गोपाल कृष्ण गौशाला नवलखा बीड़ में गौ सेवा का पुण्य कार्य संपन्न किया गया।

इस सेवा आयोजन में द आर्ट ऑफ़ लिविंग के साधकों ने मिलकर गौशाला में जाकर सैकड़ों गायों एवं बछड़ों को हरा चारा खिलाया तथा उनके स्वास्थ्य और स्वच्छता की ओर विशेष ध्यान दिया। इस अवसर पर उपस्थित सेवाभावीजनों ने गुरुदेव के विचारों को आत्मसात करते हुए गौ माता की सेवा को मानव सेवा का सर्वोच्च रूप बताया सेवा में लगे सभी स्वयंसेवकों ने बताया कि यह कार्य न केवल आध्यात्मिक संतोष प्रदान करता है, बल्कि समाज में करुणा, समर्पण और सामूहिक उत्तरदायित्व की भावना को भी जाग्रत करता है इस गौ सेवा कार्यक्रम के माध्यम से द आर्ट ऑफ़ लिविंग परिवार ने यह संदेश दिया कि गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी के जन्मदिवस को केवल उत्सव नहीं, बल्कि सेवा और समर्पण के रूप में मनाया जाना चाहिए इस अवसर पर द आर्ट ऑफ़ लिविंग के वरिष्ठप्रशिक्षक हरीश रायवाल, कमलेश कोठारी, नरेंद्र धनोतिया, दिलीप परमार एवं वालंटियर के रूप में यतींद्र जोशी, अंकित सोनी, श्याम भावसार, नारायण राणा, उज्ज्वल सोनी एवं मातृ शक्ति से किरण गरुड़, विनीता राव, संगीता मोदी एवं आर्ट ऑफ लिविंग के सभी साधक मौजूद रहे एवं गौ सेवा की।

# सीतामऊ में एक्यूप्रेशर प्राकृतिक चिकित्सा शिविर आज से

**मंदसौर, 12 मई गुरु एक्सप्रेस।** नीमा समाज एवं नवशक्ति हाईस्कूल के तत्वावधान में आज 13 मई मंगलवार से सात दिवसीय एक्यूप्रेशर प्राकृतिक चिकित्सा शिविर प्रारंभ हो रहा है। जिसका शुभारंभ 13 मई को प्रात: 9.15 किया जायेगा। इस शिविर में थैरेपिस्ट अर्जुन कटारिया एम.डी. (एक्यू.) एवं प्रिंस विद्यार्थी व सहयोगी प्रकाश गेहलोद द्वारा अपनी सेवाएं दी जाएगी। शिविर 13 मई से 19 मई तक प्रतिदिन प्रात: 8 से दोप. 1 बजे व दोप. 3 से सायं 7 बजे तक नवशक्ति हाईस्कूल, नीमा मोहल्ला सीतामऊ में लगेगा। इस शिविर में एक्यूप्रेशर चिकित्सा पद्धति से कब्ज, गैस, खांसी, पित, सफेद पानी, खून की कमी, अस्थमा, बीपी, शुगर, नसों में ब्लॉकेज, माइग्रेन, थायराईड, शुक्राणु की कमी, पीलिया, कोलेस्ट्रोल, हृदय रोग, स्वपन दोष, हाइट न बढना, चर्म रोग, वजन का घटना व बढ़ना आदि सभी बीमारियों का विदेशी मशीनों एवं एक्यूप्रेशर पद्धति से बिना दवाई के इलाज किया जाएगा। सीतामऊ एवं आसपास के क्षेत्रवासियों से 13 से 19 मई तक आयोजित इस एक्यूप्रेशर प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की गई है। शिविर के संबंध में अधिक जानकारी एवं रजिस्ट्रेशन के लिये मो.नं. 8003708162 पर सम्पर्क कर सकते है।

# उमराह करके लौटे यात्री का जिला वक्फ कमेटी ने किया इस्तक़बाल

**मंदसौर, 12 मई गुरु एक्सप्रेस।** जिला वक्फ़ कमेटी मंदसौर के जिला सदस्य हाजी सद्दाम बेग की वालेदाह मोहतरमा क़नीज़ बी के सऊदी अरब से मक्का-मदीना से उमराह (धार्मिक यात्रा) करके आने की ख़ुशी में सीतामऊ अंजुमन जमात ख़ाने में दी गई। दावत में शरीक होकर मोहतरमा क़नीज़ बी को जिला वक़्फ़ कमेटी मंदसौर के सदर अमजद पठान (लाला), नायब सदर शाकिर हुसैन गढ़वी, जिला वक़्फ़ कमेटी मंदसौर जिला सदस्य हारून लाला, सरपंच हारुन कुरेशी, एडवोकेट अज़ीज़ुल्लाह ख़ान ख़ालिद ने फूल मालाएं पहनाकर तहे दिल से इस्तक़बाल कर अपनी ख़ुशियों का इज़हार किया और उनकी दुआएं ली। इस मोके पर हाजी सद्दाम बेग, शकील ख़ान नूरानी व सद्दाम गोरी भी शामिल हुए।

## बाड़े में खड़ा ट्रेक्टर चोरी

**पिपलियामंडी, 12 मई गुरु एक्सप्रेस।** बाड़े में खड़ा ट्रेक्टर चोरी हो गया। पुलिस ने केस दर्ज किया। गुड़भेली ब निवासी बद्रीलाल तेलकार ने पिपलिया थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मेरा महिन्द्रा कंपनी का लाल रंग का ट्रेक्टर (एमपी 14 जेडसी 9332) बाड़े में खड़ा था। सुबह गाय का दूध निकालने गया तो ट्रेक्टर नही था। चौकी प्रभारी धर्मेश यादव ने बताया घटना के बाद गांव जाकर सीसीटीवी केमरे भी चेक किए, लेकिन चोर पीछे से कच्चे रास्ते होकर ट्रेक्टर चोरी कर ले गए, इसलिए सीसीटीवी में कैद नही हुए। पुलिस ने विवेचना के बाद केस दर्ज किया।

## सट्टा अंक लिखते पकड़ा

**पिपलियामंडी, 12 मई गुरु एक्सप्रेस।** सट्टा अंक लिखते एक आरोपी को पुलिस ने पकड़ा। पिपलिया पुलिस ने सट्टा अंक लिखते हुए नई आबादी बोतलगंज निवासी जगदीश पिता नंदराम खारोल को पकड़ा। आरोपी से नकदी व सट्टा उपकरण जब्त किए।

# प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत समर वोकेशनल ट्रेनिंग इंटर्नशीप

**नीमच, 12 मई गुरु एक्सप्रेस।** प्लानिंग आर्किट्रिक्टचर सिविल इंजीनियरिंग में पढाई कर रहे छात्र, छात्राओं के लिए एक जून से 31 जुलाई 2025 समर वोकेशनल ट्रेनिंग इंटर्नशिप का अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है। जिला पंचायत नीमच के प्रभारी परियोजना अधिकारी श्री अविनाश भण्डारी ने बताया, कि योजना में चयनित छात्रों को इंटर्नशिप के लिए संबंधित जिलों की जनपद पंचायतों में कार्य के लिए रखा जाएगा और इन्हें 20 हजार रुपए स्टायफंड भी देने का प्रावधान है। समर इंटर्नशिप 2025 के लिए बी.प्लानिंग, बीआर के आर्कीट्रक्टचर एम प्लानिंग, एमआरके आर्कीट्रेक्टचर और बी सिविल के छात्र, छात्राएं आवेदन कर सकेंगे। ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 10 मई से प्रारंभ हो चुकी है और अंतिम तिथि 20 मई निर्धारित की गई है। ऑफर के लिए सूचना 26 मई तक दी जाएगी और 2 जून को भोपाल में ओरिएंटेशन होगा। जिला और ब्लाक मुख्यालय पर रिपोटिंग की तिथि 3 जून रखी गई है।

# अग्रवाल समाज ने भगवान नृसिंह चतुर्दशी का पर्व मनाया

## नरसिंह मन्दिर नव-निर्माण के साथ-साथ कुलदेवी मां महालक्ष्मी और दादी रानी सती का मंदिर भी बनेगा, महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा भी होगी परिसर में विराजित





**मंदसौर, 12 मई गुरु एक्सप्रेस।** अग्रवाल समाज नरसिंह मंदिर ट्रस्ट मंदसौर के तत्वाधान में भगवान श्री नरसिंह चतुर्दशी का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। नरसिंह चतुर्दशी पर्व पर नरसिंहपुरा स्थित श्री नरसिंह मंदिर परिसर के बाहर गोधूलि बेला में नृसिंह लीला मंचन का सजीव चित्रण प्रस्तुत किया गया।भक्त प्रहलाद की पुकार सुनकर भगवान नरसिंह खम्भ फाड़कर प्रकट हुए और आततायी हिरण्याकश्यप रूपी राक्षस का वध किया। वध करते ही भगवान नरसिंह द्वारा हिरण्याकश्यप का वध करते ही अग्रवाल समाजजन मातृ शक्ति पूरे उत्साह के साथ झूम उठे, भगवान नरसिंह के जय जयकार के नारे लगाए गए और भगवान नरसिंह की पूजा अर्चना एवं महा आरती की गई। इस शुभ प्रसंग पर नरसिंह मंदिर परिसर के नवनिर्माण की आधारशिला विद्वान आचार्य डॉ प्रभाकर शास्त्री मुंबई के सानिध्य में रखी गई। नरसिंह मंदिर परिसर में कुलदेवी माता लक्ष्मी जी और दादी रानी सती का भी भव्य मंदिर बनेगा और महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी।

इस अवसर पर विद्वान आचार्य डॉ प्रभाकर शास्त्री मुंबई ने समाज जनों को आशीर्वचन देते हुए कहा कि भगवान नरसिंह की महिमा अपरंपार है। भगवान नरसिंह ने अपने भक्त को संकट में देखकर ओर उसकी पुकार सुनकर वह प्रकट हो गए और आततायी हिरण्यकश्यप का नरसंहार कर दिया। इसलिए सभी को भगवान की भक्ति मन लगाकर करना चाहिए। संकट के समय सच्चे मन से यदि भगवान को कोई पुकारता है तो भगवान साक्षात आकर उस संकट से उसको उभारते हैं। आपने कहा कि नरसिंहपुरा का नरसिंह मंदिर अति प्राचीन है इस मंदिर के नवनिर्माण की परिकल्पना समाज जनों ने जो की है वह एक श्रेष्ठ कार्य है और मंदिर का नवनिर्माण का कार्य भगवान की बगैर इच्छा के नहीं हो सकता है। भगवान नरसिंहजी की इच्छा थी इसलिए 400 से 500 वर्ष पुराना अति प्राचीन मंदिर अब नए स्वरूप में बनने जा रहा है जो मंदसौर शहर ही नहीं अपितु आसपास के धार्मिक क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि रहेगी। डॉ शास्त्री ने कहा कि व्यक्ति अच्छे कर्म करता है तभी मंदिर जैसे कार्य का नवनिर्माण हो पता है। आपने कहा कि नवीन मंदिर का निर्माण करने की बजाय पुराने मंदिरों का रखरखाव एवं जीर्णोद्धार का कार्य करना चाहिए ताकि वह प्राचीन धरोहर सुरक्षित रह सके। अग्रवाल समाज हर क्षेत्र में अग्रणी है और समाज के ऊपर कुलदेवी माता रानी लक्ष्मी जी की कृपा बनी हुई है इसलिए इस परिसर में भगवान नरसिंह के साथ-साथ कुलदेवी महालक्ष्मीजी एवं दादी रानी सती का मंदिर बनाए जाने का जो संकल्प अग्र बंधुओ ने लिया है वह संकल्प निश्चित रूप से भगवान नरसिंहजी पूरा करेंगे और और साथ ही महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा भी विराजित होगी। नरसिंह मंदिर ट्रस्ट के सह सचिव सुनील बंसल ने मंदिर के नवनिर्माण की भूमिका प्रस्तुत करते हुए कहा कि दिवंगत मंदसौर के पूर्व विधायक बाबू श्री शिवदर्शनलाल अग्रवाल, सेठ श्री लक्ष्मीनारायण गनेडीवाल, स्व. श्री कल्याणमल चोधरी , स्व.श्री विनोद गर्ग, ट्रस्ट के वर्तमान उपाध्यक्ष श्री मुरलीधर ऐरन, पूर्व सचिव श्री राजमल गर्ग सहित सभी ट्रस्ट्रीयो ने खूब लंबी लड़ाई लड़कर इस जमीन को मुक्त कराया और अब ट्रस्ट के अध्यक्ष सेठ श्री प्रदीप गनेडीवाल ओर सभी ट्रस्ट्रीयो ओर समाजजन के तत्वावधान में मन्दिर का नव निर्माण होने जा रहा है।

समाजसेवी नरेंद्र अग्रवाल ने कहा कि अग्रवाल समाज के लिए अति गौरवशाली क्षण है कि 500 वर्ष पुराने मंदिर का सिर्फ नवनिर्माण नहीं हो रहा है बल्कि कुलदेवी महालक्ष्मी जी एवं दादी रानी सती का मंदिर भी बन रहा है और साथ-साथ महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा भी विराजित की जाएगी। यह मंदिर भी भगवान पशुपतिनाथ मंदिर की तर्ज पर पूरे विश्व में अपनी ख्याति प्राप्त करेगा। क्योकि कुलदेवी महालक्ष्मी जी का मंदिर मंदसौर शहर में अन्य किसी स्थान पर नही है। और भगवान नरसिंह के साथ लक्ष्मी- नरसिंह शब्द जुड़ा हुआ है। सामाजिक कार्यकर्ता सनत कगला ने कहा कि अपने धन का सदुपयोग करने का एक सुनहरा अवसर समाजजनों को प्राप्त हुआ है आप सभी बढ़ चढ़कर भगवान नरसिंह के मंदिर निर्माण कार्य में सहयोग प्रदान करें। इस अवसर पर समाज के अनेक परिवारों द्वारा मंदिर निर्माण में अपनी ओर से समर्पण राशि दिए जाने की स्वीकृति दी गई। आरंभ में डॉ शास्त्री का स्वागत मंदिर ट्रस्ट के सह सचिव सुनील बंसल एवं ट्रस्टी आशीष गुप्ता ने किया। कार्यक्रम का संचालन हेमंत अग्रवाल ने किया तथा आभार आशीष गुप्ता ने माना।

# विबोध प्री स्कूल में समर कैंप फन एण्ड लर्न फेस्ट-2025 का समापन



**मंदसौर, 12 मई गुरु एक्सप्रेस।** अभिनंदन नगर स्थित विबोध प्रीस्कूल में विगत एक माह से चल रहे कैम्प में नगर के 14 से ज्यादा विद्यालय के 50 से ज्यादा बच्चों ने भाग लिया , समर कैम्प समापन मदर्स डे पर समारोह पूर्वक हुआ । राष्ट्रीय स्तर की कथक नृत्यांगना एवं लतामंगेशकर संगीत महाविद्यालय की शिक्षिका श्रीमती सन्नाली शर्मा एवं दशपुर प्रेस क्लब अध्यक्ष श्री नेमीचंद राठौर अतिथि रहे। अपने संबोधन में श्रीमती सन्नाली शर्मा ने कहा कि स्कूल का वातावरण और समर कैम्प की उपलब्धि उत्साह जनक है। नर्सरी कक्षाओं में जो नींव बच्चों में पड़ती है वह जीवन में प्रगति का आधार बनती है। आपने हर माता पिता से आग्रह किया कि बचपन की शिक्षा और संस्कार बेहतर हो यह व्यक्तित्व के साथ समाज और राष्ट्र के लिए महत्वपूर्ण है। आपने विबोध स्कूल प्रबंधन और शिक्षण व्यवस्था की सराहना की।

दशपुर प्रेस क्लब अध्यक्ष श्री नेमीचंद राठौर ने कहा कि वर्तमान में बच्चों को पढ़ाई के साथ अन्य सकारात्मक गतिविधियों से जोड़कर सम्पूर्ण विकास किया जा सकता है। खेल , आर्ट एंड क्रॉफ्ट , नृत्य संगीत , कैलीग्राफी , फॉनिक्स , चित्रकला आदि प्रमुख हैं। आपने समर कैम्प में प्रशिक्षित बच्चों एवं अभिभावकों से कहा कि जिस विधा में बच्चों की रूचि है उसे आगे बढ़ाने में मदद करें बच्चे निश्चित ही उंचाई प्राप्त करेंगे। विबोध प्रीस्कूल प्रिंसिपल डॉ श्रुति बटवाल ने स्वागत करते हुए बताया कि समर कैम्प में 12 विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण विषय विशेषज्ञों द्वारा दिया गया। 4 से 15 वर्ष आयु वर्ग के बालक बालिकाओं ने विभिन्न विधाओं में सीखते हुए दक्षता हांसिल की । आपने मदर्स डे की बधाई दी ओर कहा बच्चों की प्रथम गुरु मां ही होती है। समर कैम्प में संगीत वाद्य यंत्र केसिओ, कॉन्गो का रितिक कुमावत, फाइन आर्ट दीप्ति जागरी, डांस माही भावसार, क्राफ्ट भूमिका राठौर, सेल्फ डिफेंस प्रियंका , रेज़िन आर्ट नफीसा धानवाला, स्वीटी सोनी आदि ने विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण प्रदान दिया। इसके पूर्व अतिथियों ने समर कैम्प की क्रिएटिव एक्टिविटी प्रदर्शनी का अवलोकन किया और बच्चों से संवाद करते हुए बधाई दी और उत्साह वर्धन किया। विबोध प्रीस्कूल फाउंडर वरिष्ठ पत्रकार डॉ घनश्याम बटवाल ने स्वागत करते हुए अतिथि परिचय दिया। अप्रेल से प्रारंभ हुए समर कैंप में शिक्षकगण रीना सोनी, मयूरी भटनागर, दीक्षा शर्मा, निशा पाटिल, मीना कुंवर, गौरव सोनी अभिषेक बटवाल एवं स्टॉफ सहयोगी रहे। समर कैम्प समापन ओर मदर्स डे के अवसर पर माताओं बहनों के लिए नॉन फायर कुकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें 15 से अधिक महिलाओं ने सहभागिता करते हुए विभिन्न डिशेज़ तैयार की। निर्णायक एवं अतिथियों ने प्रत्येक डिशेज़ के स्वाद लिए और उनके निर्माण प्रक्रिया बारे में प्रतिभागियों से जानकारी प्राप्त की। समापन समारोह रिमझिम वर्षा के बीच सम्पन्न हुआ। नान फ़ायर कुकिंग प्रतियोगिता के विजेताओं श्रीमती जयमाला परवाल श्रीमतीअंतिम सोनी कृष्णा राठौड़ शशि कालून्दा को अतिथियों ने पुरस्कृत किया। बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान किये। समापन अवसर पर बच्चों ने संगीत नृत्य प्रार्थना और मार्शल आर्ट के प्रदर्शन किये और खूब तालियां बटोरी संचालन दीप्ति जागरी ओर डॉ श्रुति बटवाल ने किया।

